# संयुक्त निरीक्षण टिप्पणी

**दिनॉक 01-09-2017 को प्रस्तावित लोहाली से थुवा ब्लाक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 4.9875 है0 वन भूमि प्रकरण के सम्बन्ध में संयुक्त निरीक्षण टिप्पणी।**

दिनॉक 01-09-2017 को विषयगत प्रस्तावित मोटर मार्ग का संयुक्त निरीक्षण अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता श्री उत्तम चन्द पी0एम0जी0एस0वाई ज्योलिकोट के साथ किया गया । संयुक्त निरीक्षण में सहायक अभियन्ता श्री राजकमल टम्टा ,अवर अभियन्ता श्री संजय तिवारी तथा वन विभाग के उप प्रभागीय वनाधिकारी ,वन क्षेत्राधिकारी भवाली , क्षेत्रीय कर्मचारी तथा क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि उपस्थित थे। उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग **लोहाली से थुवा ब्लाक तक निर्माण किया जाना है ।** अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत किया कि उक्त मार्ग के निर्माण से **जो पूर्व निर्मित हरिनगर थुवा मोटर मार्ग में जुड जायेगा।** प्रस्तावित मोटर मार्ग 9.900 किमी0लम्बाई तथा 7मीटर चौडाई में गठित किया गया हैं । जिसमें आरक्षित वन भूमि 5300 मीटर यानि 3.71 है0 प्रभावित होती हैं । प्रस्तावित मार्ग में 500 मीटर यानि 0.35 है0 सिविल एंव सोयम भूमि तथा 1325 मीटर यानि 0.9275 है0वन पंचायत भूमि प्रभावित होती हैं ।

प्रस्तावित मार्ग के प्रस्ताव में आरक्षित एंव वन पंचायत भूमि में कुल 755 वृक्ष विभिन्न प्रजाति के प्रभावित होते हैं। जिसमें बॉज के वृक्षों की संख्या 438 हैं । प्रस्तावित र्माग के प्रस्तावित समरेखण में अधिक बॉज बृक्ष प्रभावित होने के कारण **वैकल्पिक समीकरण में विचार करने हेतु लिखा गया था।** अधिशासी अभियन्ता पी0एम0जी0एस0वाई ज्योलिकोट द्वारा अवगत किया गया कि **कोई वैकल्पिक समरेखण न होने के कारण** प्रस्तावित समरेखण को ही उपयुक्त पाये जाने पर प्रस्ताव गठित करायें गये है। सयुंक्त निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया हैं कि उक्त प्रस्तावित मार्ग में प्रभावित होने वाले बॉज के 438 वृक्षों में से **183** वृक्ष 0–10 व्यास सेमी0 के हैं जिन्हे ऑन लाईन में अंकित नही किये गये हैं यह भी अवगत कराया गया हैं कि 0–10 व्यास सेमी0 के वृक्षों के प्रत्यारोपण हेतु जो भी व्ययभार आयेगा,उसको प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा वहन किये जाने के सम्बन्ध में प्रभाण पत्र प्रस्ताव में संलग्नक किया गया है। संयुक्त निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त प्रस्तावित र्माग के निर्माण हेतु ग्रामीणों द्वारा काफी लम्बें समय से मांग की जाती रही है तथा धरना प्रर्दशन भी किया जाता रहा है।

प्रस्तावित मार्ग में प्रभावित होने वाले 0–10 व्यास श्रेणी के 258 वृक्षों में से बॉज के 183 वृक्षों के प्रत्यारोपण के अतिरिक्त बॉज के ऑन लाईन पृविष्ट किये गये 255 वृक्षों के पातन की संस्तुति **इस प्रतिबन्ध के साथ दी जा सकती है कि प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा 200 बॉज तथा 200 काफल वृक्षों का अतिरिक्त रोपण कार्य किया जायेगा ।** जिसमें अधिशासी अभियन्ता पी0एम0जी0एस0वाई ज्योलिकोट द्वारा अपनी **सहमति** दी गई है। **प्रमाण पत्र संलग्न** है।

अधिशासी अभियन्ता तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा यह भी अवगत किया कि उक्त प्रस्तावित मार्ग के निर्माण से ग्राम धारीउलगौर तथा थुवाग्रामीणों के 123 परिवार जिसकी जन संख्या 614 हैं लाभान्वित होते हैं । प्रस्तावित समरेखन में पातन किये जाने वाले 755 बृक्षों में से 255 बॉज के बृक्षों के पातन हेतु **प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा 200 बॉज तथा 200 काफल बृक्षों का अतिरिक्त रोपण किया जायेगा इस प्रतिबन्ध के साथ प्रस्ताव भारत सरकार को संदर्भित करने की कृपा करें।**

अधिशासी अभियन्ता
सि0ख0 पी0एम0जी0एस0वाई0
ज्योलिकोट।

प्रभागीय वनाधिकारी,
नैनीताल वन प्रभाग नैनीताल।
नैनीताल।